## सार-समाचार

### भाजपा देहात मण्डल की बैठक सम्पन्न

**नोहर, (निसं)।** भारतीय जनता पार्टी देहात मंडल की महत्वपूर्ण मासिक बैठक आज मटोरिया भवन में आयोजित की गई। मंडल अध्यक्ष राकेश पूनिया की अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक में संगठन की सक्रियता और आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा पर विस्तृत चर्चा की गई। वरिष्ठ पदाधिकारियों का रहा सान्निध्य बैठक में मुख्य रूप से मंडल प्रभारी उत्तम सिंह और मंडल सहयोगी बसंत तिवारी उपस्थित रहे। उनके साथ ही देवीलाल सहारण, सुभाष ढाका, रोहित गोदारा, पिरथी सहू, रामनिवास, विनोद और रामजीलाल सहित मंडल के कई प्रमुख पदाधिकारियों ने भाग लिया। बैठक का मुख्य केंद्र बिंदु संगठन की आधारभूत इकाई बूथ को मजबूत करना रहा। चर्चा के दौरान महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। जिसमें बूथ संरचना के लिए प्रत्येक बूथ पर सक्रिय कार्यकर्ताओं की टीम को और अधिक प्रभावी बनाने पर विचार किया गया। शक्ति केंद्र के लिए शक्ति केंद्रों के प्रभारियों के साथ समन्वय स्थापित कर जमीनी स्तर पर पार्टी की पहुंच बढ़ाने की रणनीति तैयार की गई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकप्रिय कार्यक्रम मन की बात के सफल क्रियान्वयन हेतु प्रत्येक बूथ पर बूथ संयोजकों की नियुक्ति को लेकर गंभीर विमर्श हुआ और नामों पर सहमति बनी। कार्यकर्ताओं को दिए गए निर्देश अध्यक्षीय संबोधन में राकेश पूनिया ने कहा कि संगठन की शक्ति उसके कार्यकर्ताओं में निहित है। उन्होंने सभी पदाधिकारियों से आव्हान किया कि वे केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को अंतिम छोर के व्यक्ति तक पहुँचाने का कार्य करें। बैठक के अंत में मंडल प्रभारी उत्तम सिंह ने आगामी कार्यक्रमों की सफलता के लिए सभी कार्यकर्ताओं को एकजुट होकर कार्य करने का मंत्र दिया।

### भाजपा कार्यकर्ताओं ने जीत का जश्न मनाया

**झुंझुनूं (निसं)।** पश्चिम बंगाल में 74 वर्षों बाद भगवा परचम लहराने को भारतीय जनता पार्टी ऐतिहासिक राजनीतिक उपलब्धि मान रही है। प्रधानमंत्री की आक्रामक चुनावी रणनीति, बूथ स्तर तक की मजबूत मैनेजमेंट प्रणाली और समर्पित कार्यकर्ताओं की अथक मेहनत ने ममता बनर्जी के लंबे समय से मजबूत माने जा रहे राजनीतिक किले में सेंध लगाने का काम किया। देशभर में भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा इस जीत का उत्सव मनाया जा रहा है, लेकिन झुंझुनूं भाजपा में यह विजय उत्सव अब संगठनात्मक अनुशासन और अंदरूनी खींचतान पर गंभीर सवाल खड़े करता दिखाई दे रहा है। जिला मुख्यालय पर सोमवार शाम को आयोजित विजय उत्सव के दौरान जिस प्रकार अधिकृत सूचना तंत्र को नजरअंदाज कर अलग-अलग स्तरों से सोशल मीडिया और समाचार पत्रों तक प्रेसनोट भेजे गए, उसने भाजपा के अंदर चल रही गुटबाजी और समन्वयहीनता को सार्वजनिक कर दिया है। राजनीतिक गलियारों में चर्चा है कि यदि संगठन के अधिकृत मीडिया प्रभारी की भूमिका को ही कमजोर किया जाएगा, तो फिर संगठनात्मक अनुशासन की बात केवल भाषणों तक सीमित रह जाएगी। सूत्रों के अनुसार भाजपा जिलाध्यक्ष द्वारा विजय उत्सव की आधिकारिक सूचना जारी करने के लिए जिला मीडिया प्रभारी को अधिकृत माना गया था, लेकिन इसके बावजूद कई अन्य पदाधिकारियों और समानांतर समूहों द्वारा अलग-अलग तरीके से सूचना प्रसारित की गई। इससे न केवल संगठन के भीतर अधिकारों के टकराव की स्थिति बनी, बल्कि यह संदेश भी गया कि जिले में पार्टी का सूचना तंत्र कई हिस्सों में बंट चुका है। भाजपा की बंगाल विजय को लेकर जहां कार्यकर्ताओं में उत्साह दिखाई दिया।

### दुजोद में ऋण कैंप का आयोजन

**सीकर, (निसं)।** जिला कलेक्टर आशीष मोदी के आदेशानुसार नगर परिषद सीकर वरिष्ठ आयुक्त शशिकांत शर्मा के निर्देशानुसार पी एम स्वनिधी प्रभारी सचिव नगर परिषद पुनम महला के नेतृत्व में प्रधानमंत्री स्वनिधी योजना के अंतर्गत ग्राम दुजोद स्थित पंजाब नेशनल बैंक शाखा में विशेष ऋण कैंप का आयोजन किया गया। इस कैंप का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र के पात्र हितग्राहियों को स्वरोजगार के लिए आर्थिक सहायता उपलब्ध कराना रहा। कैंप के दौरान योजना के तहत प्रथम किस्त के रूप में 15,000 के ऋण के लिए पात्र आवेदकों के फॉर्म मौके पर ही भरवाए गए व चैक वितरण भी किया तथा उन्हें योजना की पूरी जानकारी भी प्रदान की गई। बैंक अधिकारियों एवं नगर परिषद टीम द्वारा लाभार्थियों को आवश्यक दस्तावेजों, पात्रता एवं प्रक्रिया के बारे में विस्तार से मार्गदर्शन दिया गया। कैंप में अग्रणी जिला प्रबंधक नंदलाल,ग्राम दुजोद पंजाब नेशनल बैंक वरिष्ठ शाखा प्रबंधक ललित लाखिवाल,जिला परियोजना अधिकारी जगदीश सिंह जाखड़, अरुण पारीक, लक्ष्मीकांत शर्मा, आदर्श पुनिया इस अवसर पर उपस्थित रहें। वरिष्ठ आयुक्त शशिकांत शर्मा ने बताया कि पीएम स्वनिधी योजना के माध्यम से छोटे व्यापारियों एवं रेहड़ी-पटरी संचालकों को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में यह एक महत्वपूर्ण पहल है।

### जुआ खेलते दो जने गिरफ्तार

**बुहाना/झुंझुनूं (निसं)।** जिले के बुहाना थाना पुलिस ने अवैध जुए के खिलाफ कार्रवाई करते हुए ताश-पत्तियों पर रुपये दांव लगाकर जुआ खेलते दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने मौके से 12 हजार 470 रुपये की जुआ राशि एवं जुआ सामग्री भी जब्त की है। पुलिस अधीक्षक कावेंद्र सिंह सागर आईपीएस के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक देवेन्द्र सिंह राजावत आरपीएस के मार्गदर्शन तथा वृताधिकारी नोपाराम भाकर के सुपरविजन में यह कार्रवाई की गई। थाना अधिकारी बिमला बुडानियां के नेतृत्व में गठित टीम ने 4 मई को मिली सूचना के आधार पर बणी बुहाना क्षेत्र में दबिश दी। कार्रवाई के दौरान पुलिस ने ताश-पत्तियों पर रुपये दांव लगाकर जुआ खेलते कमल सिंह पुत्र चन्द्राराम निवासी भिर्र तथा जगवीर पुत्र रामवतार निवासी सीमनी को गिरफ्तार किया। पुलिस ने दोनों आरोपियों के कब्जे से 12,470 रुपये नकद एवं जुआ खेलने में प्रयुक्त सामग्री बरामद की। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। कार्रवाई में सुरेन्द्र कुमार, हेमराज, धर्मपाल, सुशील कुमार, महेश कुमार एवं सोमवीर सहित पुलिस टीम के अन्य सदस्यों की सक्रिय भूमिका रही।

### भव्य छतरी का लोकार्पण

**पाटन (निसं)।** सावलपुरा तंवरान स्थित अविनाशी धाम पर इंदाराम पटेल की स्मृति में उनके सुपुत्र गोपाल, बजरंग एवं शम्भूदयाल गुर्जर (मास्टर) द्वारा एक भव्य छतरी का निर्माण करवाया गया। इस अवसर पर आयोजित समारोह में क्षेत्र के अनेक गणमान्य लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम में भाजपा नेता, समाजसेवी एवं भामाशाह दौलतराम गोयल मुख्य रूप से उपस्थित रहे। इस दौरान उनका शाल एवं श्रीफल भेंट कर सम्मान किया गया। अपने संबोधन में दौलतराम गोयल ने कहा कि अविनाशी धाम क्षेत्र का एक प्रमुख धार्मिक स्थल है और यहां पक्षियों के लिए चुग्गा तथा यात्रियों को छाया उपलब्ध कराने हेतु छतरी का निर्माण एक सराहनीय पहल है। उन्होंने कहा कि इस कार्य से इंदाराम पटेल की स्मृति को चिरस्थायी बनाया गया है। समारोह में सावलपुरा तंवरान के सरपंच मामराज गुर्जर, घनश्याम जाखड़, रामकुमार जाट, बनवारी गुर्जर सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे। कार्यक्रम के अंत में हजारों श्रद्धालुओं ने पंगत में बैठकर प्रसादी ग्रहण की, जिससे पूरे क्षेत्र में श्रद्धा और उत्साह का माहौल बना रहा।

### कांग्रेस कमेटी की बैठक आज

**चूरू (निसं)।** शहर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष असलम खोखर ने बताया कि राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार संगठन बढाओ लोकतंत्र बचाओं अभियान के तहत चूरू जिला कांग्रेस कमेटी व चूरू शहर व देहात ब्लॉक कांग्रेस कमेटी की बैठक चूरू जिला अध्यक्ष व सुजानगढ विधायक मनोज मेघवाल की अध्यक्षता में 06 मई 2026 को प्रातः 10 बजे चूरू शहर व देहात ब्लॉक कांग्रेस कार्यालय मंडेलिया हाउस चूरू में आयोजित की जायेगी। बैठक में चूरू सांसद राहुल कस्वां, तारानगर विधायक नरेन्द्र बुडानिया, चूरू जिला प्रभारी व फतेहपुर विधायक हाकम अली खान, सरदारशहर विधायक अनिल शर्मा, रतनगढ विधायक पुसाराम गोदारा, पीसीसी उपाध्यक्ष रफीक मंडेलिया, चूरू जिला सह प्रभारी दिनेश कस्वां भी बैठक में उपस्थित रहेंगे।

### विधिक जागरूकता शिविर आयोजित

**सीकर, (निसं)।** मुख्य न्यायाधीश, राजस्थान उच्च न्यायालय एवं अध्यक्ष, राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जयपुर के निर्देशानुसार राज्य के स्कूली किशोरों को विधिक अधिकारों, कर्तव्यों एवं समसामयिक सामाजिक-कानूनी मुद्दों के प्रति जागरूक करने के लिए संचालित राज्यव्यापी फ्लैगशिप कार्यक्रम के अंतर्गत अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, सीकर रूपा गुप्ता के मार्गदर्शन में तथा सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, सीकर शालिनी गोयल द्वारा 5 मई 2026 को साइबर सुरक्षा जागरूकता, संरक्षण एवं न्याय तक समावेशी पहुंच विषय पर राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, भढाढर, लक्ष्मणगढ़ (सीकर) में विधिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

# 'सामाजिक न्याय एवं वंचित वर्गों के उत्थान के लिए प्रतिबद्ध है प्रदेश सरकार'

**■ मंत्री अविनाश गहलोत ने चूरू विधानसभा क्षेत्र के सहनाली छोटी में ग्राम रथ अभियान कार्यक्रम में की शिरकत, ग्रामीणों से संवाद किया**

**चूरू (निसं)।** सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग मंत्री तथा जिला प्रभारी मंत्री अविनाश गहलोत ने मंगलवार को चूरू विधानसभा क्षेत्र के सहनाली छोटी में ग्राम रथ अभियान के अंतर्गत आयोजित कार्यक्रम में शिरकत कर ग्रामीणों से संवाद कर प्रदेश सरकार की योजनाओं की जानकारी दी और विकसित राजस्थान की संकल्पना को साकार करने की दिशा में आमजन के सुझाव प्राप्त किए।

इस दौरान विधायक हरलाल सहारण, राजस्थान राज्य अनुसूचित जाति वित्त एवं विकास आयोग अध्यक्ष राजेन्द्र कुमार नायक, जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा, एसपी निश्चय प्रसाद एम, सीईओ श्वेता कोचर, बसंत शर्मा सहित जनप्रतिनिधि, अधिकारियों ने भी शिरकत की। इस अवसर पर प्रभारी मंत्री अविनाश गहलोत ने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में प्रदेश सरकार सामाजिक न्याय एवं वंचित वर्गों के उत्थान के लिए प्रतिबद्ध है। प्रदेश सरकार समाज के कमजोर वर्गों को मुख्यधारा में लाकर विकसित समाज व विकसित राजस्थान के संकल्प को साकार कर रही है। इसी क्रम में पात्र व वंचित व्यक्तियों ग्राम रथ अभियान के माध्यम से इन योजनाओं की जानकारी गांव-गांव तक पहुंच रही है, जिससे पात्र लोगों को सीधा लाभ मिल रहा है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में विकास योजनाएं नए आयाम स्थापित कर रही हैं।

उन्होंने स्वच्छ भारत मिशन, खाद्य सुरक्षा योजना, सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना, पालनहार योजना, मुख्यमंत्री मंगला पशु बीमा योजना, अटल ज्ञान केंद्र, सहित प्रदेश सरकार की फ्लैगशिप योजनाओं की जानकारी दी। इस अवसर पर विधायक हरलाल सहारण ने कहा कि ग्राम रथ अभियान सरकार की कल्याणकारी योजनाओं की प्रत्येक नागरिक तक पहुंच बनाने का प्रभावी माध्यम है। इस रथ के माध्यम से सरकार की 13 विभागों की विभिन्न योजनाओं की जानकारी किसान, महिला, युवा, मजदूर तक पहुंच रही है। सभी नागरिक इन रथों से जानकारी प्राप्त कर राज्य व केंद्र सरकार की योजनाओं का लाभ उठाएं और परिवेश के अन्य लोगों को भी जागरूक करें।

जिला कलेक्टर अभिषेक सुराणा ने जिले में विभागीय योजनाओं की क्रियान्विति व गतिविधियों की जानकारी देते हुए ग्लोबल राजस्थान एग्रीटेक मीट (ग्राम) 2026 में सक्रिय भागीदारी का आ ान किया। इस अवसर पर एसडीएम सुनील कुमार, एसीईओ भागचंद खारिया, विकास अधिकारी कैलाश पचारिया, दीनदयाल सैनी, सुशील लाटा, सुनील ढाका, कैलाश, महेंद्र सिहाग, मनोहर लाल शर्मा, लालसिंह, सुमेर सिंह, पीरुराम, रिछपाल, रामकुमार, नवाब खां, हीरालाल खीचड़ सहित विभागीय अधिकारी, कर्मचारी व आमजन उपस्थित रहे। संचालन कुलदीप शर्मा ने किया।

इस अवसर पर प्रभारी मंत्री अविनाश गहलोत व अतिथियों ने लाभार्थियों को नरेंद्र, दयानंद आदि किसानों को फार्मर एग्रीस्टेक आईडी प्रदान की तथा मानसिंह, मांगू सिंह, दशरथ सिंह, महमूद अली आदि को सहायक अंग उपकरण वितरित किए। इसी के साथ जगराज सिंह, डेड राम प्रजापत, पृथ्वी सिंह, संतलाल, राम सिंह, प्रीतम सिंह, पवन कुमार, महेंद्र कुमार, राकेश कुमार, रामरख, हरदत राम, बनवारी लाल, लालचंद, जमना देवी, भंवरलाल, दीवान सिंह, राजूराम, राधेश्याम, तीजा देवी, सांवताराम, गोपीराम, दशरथ सिंह, अर्जुन राम, रेवंतराम, हरिराम, माया देवी, बजरंग लाल, मूलाराम, आरती देवी, इंद्राज, मुंशी खान, विक्रम सिंह सहित अन्य प्रगतिशील किसानों को प्रशस्ति-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। कार्यक्रम के दौरान कला जत्था लीडर दिलीप के नेतृत्व में लोक कलाकारों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी और प्रदेश सरकार की उपलब्धियों की जानकारी दी।

### मारपीट मामले में फरार वारंटी गिरफ्तार

**सादुलपुर, (निसं)।** पुलिस टीम ने मारपीट के मामले में पिछले 6 माह से फरार चल रहे और टॉप-1० की सूची में शामिल स्थाई वारंटी श्रवण कुमार (48), निवासी रावतसर कुंजला तहसील राजगढ जिला चूरू को गिरफ्तार कर लिया है। थानाधिकारी राय सिंह सुथार ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी श्रवण कुमार (48), निवासी रावतसर कुंजला, तहसील राजगढ जिला चूरू वर्ष 2020 में हमीरवास थाने में दर्ज मारपीट के एक मामले में लंबे समय से फरार चल रहा था। बार-बार बुलाने के बावजूद वह न्यायालय में पेश नहीं हो रहा था, जिसके बाद माननीय न्यायालय ने उसके खिलाफ स्थाई वारंट जारी किया था। पुलिस ने उसे थाने के टॉप-10०वांछित अपराधियों की श्रेणी में रखा था। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रिछपाल सिंह और सहायक पुलिस अधीक्षक अभिजीत पाटिल के सुपरविजन में थानाधिकारी रायसिंह के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया था।

## जिला स्तरीय प्रतियोगिताओं में 26 पदक जीते

**चूरू (निसं)।** स्थानीय श्री ऋषिकुल ब्रह्मचर्याश्रम महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने जिले की खेल प्रतियोगिताओं में सफलता का नया कीर्तिमान स्थापित किया है। हाल ही में संपन्न हुई 7 वीं जिला स्तरीय योगासन चैंपियनशिप और जिला एथलेटिक्स सीनियर चैंपियनशिप में संस्थान के ब्रह्मचारियों ने कुल 26 पदक जीतकर आश्रम का नाम रोशन किया है। जिला योगासन संघ द्वारा आयोजित प्रतियोगिता में ऋषिकुल के ब्रह्मचारियों ने अपनी शारीरिक और मानसिक एकाग्रता का लोहा मनवाया।



श्री ऋषिकुल ब्रह्मचर्याश्रम महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने जिले की खेल प्रतियोगिताओं में सफलता का नया कीर्तिमान स्थापित किया।

संस्थान के खिलाड़ियों ने विभिन्न श्रेणियों में शानदार प्रदर्शन करते हुए 09 स्वर्ण पदक, 05 रजत पदक, 10 कांस्य पदक सहित कुल 24 पदक अपने नाम किए। जिला एथलेटिक्स संघ के तत्वावधान में आयोजित सीनियर पुरुष और महिला चैंपियनशिप में आश्रम के ब्रह्मचारी अजय शेखावत स्टार परफॉर्मर बनकर उभरे। उन्होंने अपनी रफ्तार से सबको आश्चर्यचकित करते हुए 200 मीटर दौड़ में स्वर्ण पदक, 100 मीटर दौड़ में कांस्य पदक जीतकर दोहरी सफलता हासिल की। ब्रह्मचारियों की इस ऐतिहासिक जीत पर आश्रम परिसर में एक समारोह में ब्रह्मचारियों का सम्मान किया। इस दौरान जिला एथलेटिक्स संघ के सचिव ठाकुरमल शर्मा, जिला जिम्नास्टिक संघ के अध्यक्ष अशोक कुमार शर्मा, सचिव नरेंद्र सिंह राठौड़ और आश्रम के मंत्री सुशील कुमार बजाज सहित कई खेल हस्तियां मौजूद रही। इस दौरान सफलता के सूत्रधार रहे योग कोच संदीप सिंह, बुद्धिप्रकाश और शूटिंग कोच पूर्ण सिंह शेखावत का अतिथियों ने दुपट्टा पहनाकर सम्मान किया। मुख्य अतिथि ठाकुरमल शर्मा ने कहा कि खेल केवल शारीरिक व्यायाम नहीं है, बल्कि यह जीवन में अनुशासन और सर्वांगीण विकास का मार्ग है।


# गुढ़ागौड़जी में दहशत फैलाने वाला इनामी बदमाश गिरफ्तार

**झुंझुनूं/गुढ़ागौड़जी (निसं)।** कस्बा गुढ़ागौडजी में देर रात कैम्पर गाड़ियों से उत्पात मचाकर दहशत फैलाने, जानलेवा हमला करने और सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंचाने के चर्चित मामले में पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने मामले में फरार चल रहे 2 हजार रूपये के इनामी आरोपी पवन कुमार उर्फ खत्री को गिरफ्तार कर लिया है। इस प्रकरण में इससे पहले 9 आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है, जबकि एक विधि से संघर्षरत बालक को निरुद्ध किया गया था। जिला पुलिस अधीक्षक कावेन्द्र सिंह सागर आईपीएस के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक देवेन्द्र सिंह राजावत के मार्गदर्शन तथा वृताधिकारी महावीर सिंह के सुपरविजन में गुढ़ागौड़जी थाना पुलिस और जिला स्पेशल टीम ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए आरोपी को दबोचा। कार्रवाई का नेतृत्व थानाधिकारी सुरेश कुमार रोलन ने किया। पुलिस के अनुसार 4 अप्रैल 2026 की रात गुढ़ागौड़जी कस्बे में दो पक्षों के बीच कैम्पर गाड़ियों से पीछा कर टक्कर मारने और हमला करने की सूचना मिली थी। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची तो भौडकी चौराहे के पास विक्रम सिंह उर्फ सोनू राजपूत और अरविंद उर्फ सोनू उस्ताद पक्ष के लोगों द्वारा वाहनों को तेज गति से दौडाकर आतंक फैलाने का मामला सामने आया। आरोपियों ने एक-दूसरे को जान से मारने की नीयत से गाडियों से टक्करें मारीं, जिससे बिजली विभाग का खंभा टूट गया। सड़क किनारे बनी दुकानों के चबूतरे, रेलिंग, पट्टियां तथा बिजली मीटर भी क्षतिग्रस्त हो गए। घटना की गंभीरता को देखते हुए गुढ़ागौड़जी थाना पुलिस और जिला स्पेशल टीम की संयुक्त टीमें गठित की गई। पुलिस ने फरार चल रहे इनामी आरोपी पवन कुमार उर्फ खत्री को दस्तयाब कर पूछताछ के बाद गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपी की पहचान पवन कुमार उर्फ खत्री पुत्र किशन लाल, निवासी लीला की ढाणी हुक्मपुरा, थाना गुढ़ागौडजी के रूप में हुई है।

# 'स्वामी ब्रह्मानंद सरस्वती-त्यागीजी महाराज' तपोमय जीवनचरित का लोकार्पण

**नोहर, (निसं)।** लुक्सा जोहडा स्थित परमहंस आश्रम में आध्यात्मिक एवं साहित्यिक वातावरण के बीच महान तपस्वी साधक त्यागीजी महाराज पर आधारित ग्रंथ 'स्वामी ब्रह्मानंद सरस्वती-त्यागीजी महाराज' तपोमय जीवनचरित का लोकार्पण एवं परिचर्चा कार्यक्रम अत्यंत गरिमामय ढंग से संपन्न हुआ।कार्यक्रम में क्षेत्र के श्रद्धालु एवं प्रतिष्ठित नागरिकों की उल्लेखनीय उपस्थिति रही, जिससे पूरा परिसर भक्तिभाव एवं ज्ञानचर्चा से आलोकित हो उठा।

त्यागीजी महाराज के परम प्रिय शिष्य एवं उनके उत्तराधिकारी लुक्सा जोहडा आश्रम पीठाधीश्वर परमहंस श्री केशवानंद सरस्वती जी के कर-कमलों द्वारा ग्रंथ का विधिवत लोकार्पण किया गया। जो उपस्थित जनसमूह के लिए अत्यंत प्रेरणादायी क्षण रहा। स्वामी केशवानंद जी के शिष्य कृष्ण कुमार पारीक ने उन्हें ग्रंथ की प्रथम प्रति भेंट कर गुरु-शिष्य परंपरा की गरिमा को सजीव रूप प्रदान किया। इस अवसर पर वक्ताओं ने स्वामी ब्रह्मानंद सरस्वती के तप, त्याग और आध्यात्मिक साधना के विविध आयामों पर प्रकाश डालते हुए उनके जीवन को समाज के लिए अनुपम प्रेरणास्त्रोत बताया।





ग्रन्थ की प्रति के साथ परमहंस श्री केशवानंद सरस्वती मौजूद रहे।

उन्होंने कहा कि ऐसे महापुरुषों का जीवनचरित केवल आध्यात्मिक मार्गदर्शन ही नहीं देता, बल्कि समाज को नैतिक मूल्यों, आत्मानुशासन और जीवन की सार्थक दिशा की ओर अग्रसर करता है। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित अतिथियों ने पुस्तक की उपयोगिता पर अपने विचार व्यक्त करते हुए इसे युगानुकूल और अत्यंत प्रासंगिक बताया। उन्होंने कहा कि यह ग्रंथ नई पीढ़ी को भारतीय संत परंपरा, सांस्कृतिक चेतना और आध्यात्मिक मूल्यों से जोड़ने का सशक्त माध्यम सिद्ध होगा। स्वामी केशवानंद जी की प्रेरणा एवं मार्गदर्शन में सुप्रसिद्ध लेखिका साविता पांडेय दिल्ली द्वारा ग्रंथ की प्रस्तुति एवं संपादन किया गया है।

पुस्तक में स्वामी ब्रह्मानंद सरस्वती के जीवन, उनकी कठोर साधना, आध्यात्मिक अनुभवों एवं जनकल्याणकारी संदेशों का अत्यंत विस्तृत और भावपूर्ण वर्णन किया गया है, जो पाठकों को आत्मिक उन्नित की ओर प्रेरित करता है। समारोह के अंत में सभी उपस्थित जनों ने पुस्तक की प्रतियाँ प्राप्त कर स्वामी जी का आशीर्वाद लिया तथा इस सफल आयोजन के लिए आयोजकों के प्रति हृदय से आभार एवं शुभकामनाएँ व्यक्त की। आश्रम ट्रस्टी नंदलाल सरपंच, महेंद्र स्वामी बिल्यू, शिवभगवान पारीक, सुरेश पांडिया, सुनील गर्ग नोहर, जोगेंद्र सिंह राठौड बिल्यू, सुखवीर चारण, महेंद्र सेन, अशोक स्वामी आदि मौजूद रहे।

## युवाओं ने स्वगणना हेतु अपील की

**सादुलपुर, (निसं)।** प्रमुख जनगणना अधिकारी एवं जिला कलेक्टर अभिषेक सुराणा के निर्देशन में जिले के महाविद्यालयों में जनगणना-2027 अंतर्गत स्वगणना जागरूकता हेतु रंगोली कार्यक्रम व अन्य गतिविधियां आयोजित की गई। 'स्वगणना' के प्रति आमजन में जागरूकता बढाने के उद्देश्य से चूरू जिले के विभिन्न महाविद्यालयों एवं विद्यालयों में रंगोली कार्यक्रमों में छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए अपनी रचनात्मकता के माध्यम से जनगणना के महत्व को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया। मंगलवार सुबह 11 बजे मिली जानकारी में जिले के श्रीमती शंकुतला देवी राजकीय महाविद्यालय सिद्धमुख, राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय राघा छोटी तथा सरस्वती गर्ल्स पीजी कॉलेज तारानगर सहित जिले की अनेक शिक्षण संस्थाओं में रंगोली प्रतियोगिताएं आयोजित की गई।

## सार-समाचार

### पत्रकार नरेश भाटी के पिता का निधन

**चूरू (निसं)।** शहर के सक्रिय पत्रकार नरेश भाटी के पिता पूर्व जलदाय कर्मी एवं समाजसेवी मन्नालाल भाटी का रविवार को निधन हो गया। वे पिछले कुछ दिनों से अस्वस्थ चल रहे थे। सोमवार प्रातः सच्चियाय माता मंदिर स्थित निवास से अगुणा मौहल्ला शमशान घाट पहुंची उनकी शव यात्रा में शहर के सैकड़ों नागरिकों ने भाग लिया। पुत्र दिनेश व नरेश ने उनकी पार्थिव देह को मुखाग्नि दी। सैकडों परिजनों, रिश्तेदारों, शुभचिंतकों की उपस्थिति में उनका अंतिम संस्कार किया गया। वे अपने पीछे पत्नी संतोष, पुत्र दिनेश, नरेश सहित पुत्र, पुत्रियों, पोते-नातियों सहित भरा पूरा परिवार छोड़कर गए हैं। उल्लेखनीय है कि मन्नालाल भाटी जलदाय विभाग में फिटर सेकंड के पद पर कार्यरत रहे थे और कुछ वर्ष पूर्व ही सेवानिवृत्त हुए थे। अपने सेवाकाल के दौरान वे कर्तव्यनिष्ठा, ईमानदारी और सरल स्वभाव के लिए जाने जाते थे। सेवानिवृत्ति के बाद भी वे सामाजिक गतिविधियों में सक्रिय रहते थे और क्षेत्र के लोगों के सुख-दुख में भागीदारी निभाते थे। उनके निधन से न केवल भाटी परिवार बल्कि परिचितों, मित्रों और क्षेत्रवासियों को गहरा आघात पहुंचा है। शोक समाचार मिलते ही बड़ी संख्या में परिजन, रिश्तेदार, पत्रकार जगत से जुड़े लोग और स्थानीय नागरिक उनके निवास पर पहुंचे और दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान मेडिकल कॉलेज प्राचार्य डॉ. एमएम पुकार, जनसम्पर्क उप निदेशक कुमार अजय, डॉ. आरिफ खान, रवि दाधीच सहित बड़ी संख्या में मीडियाकर्मी, अधिकारी, जनप्रतिनिधि और परिजन मौजूद थे।

### 'पायलट जिस राज्य के विधानसभा चुनाव प्रभारी बनते हैं वहां कांग्रेस का मुख्यमंत्री बनता है'

**चूरू, (निसं)।** केरल राज्य में भारी बहुमत से कांग्रेस विजय होने पर चूरू जिला मुख्यालय पर कांग्रेसजनों ने चूरू नगर परिषद के पूर्व सभापति गोविंद महनसरिया के सानिध्य मे एक दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी का इजहार किया इस अवसर पर महनसरिया ने कहा कि पुर्व उप मुख्यमंत्री व एआईसीसी के महासचिव व लोकप्रिय जन नेता सचिन पायलट को विधानसभा चुनाव में जिस राज्य का प्रभारी बनाकर भेजा जाता है वहां कांग्रेस का मुख्यमंत्री बनता है पायलट को इससे पहले हिमाचल विधानसभा चुनाव का प्रभारी बनाकर भेजा था वहां कांग्रेस का मुख्यमंत्री बना अब केरल राज्य के विधानसभा चुनाव में प्रभारी बनाया है पायलट के अथक प्रयास व मेहनत से केरल में 10 साल से एलडीएफ पार्टी राज्य में राज कर रही थी से सता छिन कर कांग्रेस पार्टी का भारी बहुमत लाए और मुख्यमंत्री बनने जा रहा है पर कांग्रेस जन खडगे, सोनिया, राहुल, प्रियंका गांधी का पायलट को इन राज्यों के विधानसभा चुनावो में पायलट को प्रभारी बनाने पर आभार जताया महन सरिया ने कहा कि पायलट की एक झलक देखने के लिए पूरे राज्य में पायलट पायलट हो रही है इस अवसर पर अमर सिंह दनेवा, हर फूल सिंह भाबू, मुशी खा, मोहन ट्रेलर, सलीम पीए, नवाबखा दौलत खानी, मोनू राम गड़िया, मुकेश महनसरिया, लक्ष्मण मेहरा, प्रभु दयाल कुदाल, परमेश्वर रेगर, योगेश शर्मा, ललित मेघवाल सहित अनेक जन उपस्थित थे।

### प्रतिभाओं का सम्मान कल

**राजलदेसर (निसं)।** स्वर्णकार जनसेवा संस्थान, राजलदेसर द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से एक भव्य सम्मान समारोह का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम 7 मई को तेरापंथ युवक परिषद महिला मंडल में आयोजित होगा। संस्थान के पदाधिकारियों ने जानकारी देते हुए बताया कि समारोह में कक्षा 10वीं एवं 12वीं के उन प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को सम्मानित किया जाएगा, जिन्होंने 80 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। इस वर्ष कुल 102 मेधावी विद्यार्थियों का चयन किया गया है, जिन्हें मंच पर सम्मानित किया जाएगा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सेवानिवृत्त जिला एवं सेशन न्यायाधीश विनोद सोनी, सहायक आयुक्त देवस्थान विभाग गौरव सोनी, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार एवं ज्वेलर्स एसोसिएशन के प्रधान संस्थापक हंसराज कंडेल उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता स्वर्णकार जनसेवा संस्थान के अध्यक्ष ओमप्रकाश जोड़ा करेंगे। संस्थान द्वारा कार्यक्रम की तैयारियां जोर-शोर से की जा रही हैं। सभी चयनित विद्यार्थियों को मोबाइल के माध्यम से सूचना प्रेषित की जा चुकी है। संस्थान का मुख्य उद्देश्य समाज में शिक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाना एवं प्रतिभाओं को उचित मंच प्रदान करना है। कार्यक्रम में सर्व समाज के गणमान्य नागरिकों, ज्वेलर्स एवं सोनी समाज के प्रतिनिधियों की बड़ी संख्या में उपस्थिति रहेंगे।

## ग्राम रथ का स्वागत किया

**तारानगर (निसं)।** राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से संचालित ग्राम रथ अभियान ग्राम पंचायत हड़ियाल में जागरूकता का प्रभावी माध्यम बनकर उभरा। ग्राम रथ के जरिए विभिन्न विभागों की योजनाओं की जानकारी गांव के अंतिम छोर तक बैठे व्यक्ति तक पहुंचाई जा रही है। नाट्यय प्रस्तुतियों, गीतों और संवादों के माध्यम से ग्रामीणों को योजनाओं के प्रति जागरूक किया गया, जिससे आमजन में इन योजनाओं के प्रति रुचि और समझ बढ़ी। तारानगर पंचायत समिति की ग्राम पंचायत हड़ियाल पहुंचने पर प्रशासक राकेश शर्मा के नेतृत्व में ग्रामीणों ने पुष्प वर्षा कर ग्राम रथ का भव्य स्वागत किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि झाझड़िया ने कहा कि सरकार की योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचना ही सच्चा विकास है। उन्होंने युवाओं को प्रेरित करते हुए शिक्षा, खेल और जागरूकता को जीवन में अपनाने का संदेश दिया।


**उत्तर पश्चिम रेलवे**

**ई-निविदा सूचना**

वरि. मंडल बिजली इंजीनियर/टीआरडी, उ. प. रेलवे बीकानेर, भारत के राष्ट्रपति के वास्ते व उनकी ओर से निम्नलिखित कार्य हेतु ई-निविदाएं आमंत्रित करते हैं। 1. सम्पूर्ण जानकारी के लिए वेबसाइट का पता: http://www.ireps.gov.in. 2. ई-निविदाएं बंद होने की तिथि व समय: 29.05.2026 को 15:00 बजे तक, 3. ई-निविदाएं खोलने की तिथि व समय: 29.05.2026 को 15.00 बजे के बाद, **Tender Notice No.: 06-TRD-BKN-ETender-2026-27, Name of work:** TRD modification work in c/w Removal of PSR-34 Nos in Sadulpur-Bikaner section of Bikaner Division., **Approx Cost of the work:** ₹ 6,59,69,613.53, **EMD/SD (Rupees):** ₹ 13,19,400.00

655-DO/26

हमें /NWRailways पर फॉलो करें



**REGIONAL OFFICE**

**Rajasthan State Pollution Control Board**

Shiv Singhpura Housing Board, Nawalgarh Road, Sikar-332001

Phone: 01572-248009,e-mail : rorpcb.sikar@gmail.com

International Year of Cooperatives 2025

RPCB/ RO Sikar/ SIK-PII-05(VI190-200) Date: 23/04/2026

**पर्यावरणीय स्वीकृति हेतु लोक सुनवाई की आम सूचना**

विषय : मेसर्स श्रीमती उषा बासना, प्लाट नंबर 50, खसरा नंबर 1137/302, निकट ग्राम मोकलवास, तहसील नीमकाथाना एवं जिला सीकर में प्रस्तावित चेजा पत्थर की खनन परियोजना हेतु पर्यावरणीय स्वीकृति के लिए लोक सुनवाई।

1. सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक मेसर्स श्रीमती उषा बासना द्वारा प्रस्तावित चेजा पत्थर खनन परियोजना जिसका क्षेत्रफल 2.62 हेक्टेयर, उत्पादन क्षमता 255300 टन प्रति वर्ष (रोम) तथा माइनिंग कलस्टर क्षेत्रफल 29.29706 हेक्टेयर, प्लाट नंबर 50,खसरा नंबर 1137/302, निकट ग्राम मोकलवास तहसील नीमकाथाना एवं जिला सीकर में स्थित है, से प्रार्थना पत्र मय दस्तावेज पर्यावरणीय स्वीकृति से पूर्व आवश्यक समूह खनन परियोजना लोक सुनवाई हेतु यह प्रस्ताव राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल (यहां तथा बाद मण्डल के नाम से अभिलिखित) को प्रस्तुत किया गया है।

2. और चूंकि मैसर्स श्रीमती उषा बासना ने राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल को उक्त परियोजना की पर्यावरणीय स्वीकृति से पूर्व आवश्यक समूह खनन परियोजना की लोक सुनवाई हेतु मण्डल को आवेदन प्रस्तुत किया है। उक्त परियोजना हेतु ईआईए अधिसूचना, भारत सरकार, नई दिल्ली द्वारा जारी अधिसूचना संख्या एस.ओ. 1533 दिनांक 14.09.2006 एवं संशोधित 141 दिनांक 15.01.2016 के प्रावधानों के अनुसार जन सुनवाई हेतु इस आशय की सूचना जारी कर 30 दिवस का नोटिस दिया जाना आवश्यक है।

3. उक्त परियोजना से संबंधित संक्षिप्त अभिलेख (कार्यकारी सारांश) एवं संक्षिप्त कार्यपालक सार अभिलेख निम्न कार्यालयों में अवलोकनार्थ उपलब्ध हैं

1. जिला कलेक्टर, सीकर 2. अतिरिक्त जिला कलेक्टर, नीमकाथाना, जिला सीकर 3. राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल, क्षेत्रीय कार्यालय, 4, संस्थागत क्षेत्र, झालाना डूंगरी, जयपुर 4. क्षेत्रीय कार्यालय, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, भारत सरकार, सी-218, अरण्य भवन, झालाना संस्थागत क्षेत्र, जयपुर 5. जिला उद्योग केंद्र, सीकर 6. उपखण्ड अधिकारी, नीमकाथाना, जिला सीकर 7. ग्राम पंचायत, गोविंदवास, तहसील नीमकाथाना एवं जिला सीकर 8. प्रधान ग्राम पंचायत, ग्राम गोविंदवास, तहसील नीमकाथाना एवं जिला सीकर 9. निदेशक, पर्यावरण विभाग, कक्ष संख्या 8240 तृतीय तल, उ-प (एलएसएस) भवन, सचिवालय, जयपुर10. क्षेत्रीय अधिकारी, राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल, सीकर जिला सीकर

अतः सर्वसाधारण को कार्यालय जिला कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट, सीकर के पत्र क्रमांक 1495 दिनांक 20.04.2026 के अनुसार इस आशय से सूचित किया जाता है कि उक्त समूह खनन परियोजना की पर्यावरणीय स्वीकृति से संबंधित लोक सुनवाई हेतु दिनांक 12.06.2026 (शुक्रवार) को शाम 04:00 बजे स्थानः राजीव गांधी सेवा केंद्र, ग्राम मोकलवास, तहसील नीमकाथाना एवं जिला सीकर में उपस्थित होकर अपने लिखित/मौखिक आपत्तियां/सुझाव प्रस्तुत कर सकते हैं।

साथ ही उक्त समय में लिखित सुझाव/आपत्ति इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 30 दिवस के अंदर क्षेत्रीय अधिकारी, राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल, सीकर जिला सीकर के पास भी भेज सकते हैं। यह सूचना वैश्विक महामारी कोविड-19 से संबंधित केंद्र/राज्य सरकार द्वारा समय-समय पर पारित निर्देशों के अनुरूप एवं अधीन रहेगी तथा सभी प्रावधानों/सावधानियों की पालना सुनिश्चित करनी होगी।

(हस्ताक्षर) क्षेत्रीय अधिकारी, राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल सीकर (राजस्थान)



**कार्यालय नगरपरिषद चूरू (राजस्थान)**

क्रमांकः न.प./चूरू/मू.उ.प.शाखा/2026-27/ दिनांक :

**सार्वजनिक विज्ञप्ति (आपत्ति आमन्त्रण पत्र)**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि संबंधित आवेदक द्वारा निम्नांकित विवरण-पत्र में अपने नाम के सम्मुख अंकित कार्य की स्वीकृति हेतु इस कार्यालय को अपना आवेदन प्रस्तुत किया गया है, अतः इस संबंध में किसी व्यक्ति/संस्था/ हितधारक को कोई आपति हो तो उक्त सार्वजनिक विज्ञप्ति के प्रकाशन की तिथि से 15 दिवस के भीतर उपर्युक्त साक्ष्य सहित अपनी लिखित आपत्ति निम्न अधोहस्ताक्षर कर्ता के समक्ष प्रस्तत कर सकते हैं। बाद मियाद गुजरने पर प्राप्त आपतियों पर कोई विचार नहीं किया जावेगा तथा नियमानुसार प्रकरण का निस्तारण संबंधित आवेदक के पक्ष में कर दिया जावेगा

| क्र. सं. | नाम आवेदक/आवेदिका | आवेदित भूमि की अवस्थिति | भूखण्ड का क्षेत्रफल | उत्तर | दक्षिण | पूर्व | पश्चिम | मास्टर/जोनल प्लान में भू-उपयोग | अपेक्षित स्वीकृति |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | श्री नवरतन शर्मा पुत्र स्वर्गीय मुरलीधर शर्मा, वार्ड नं. 28 जिला पुस्तकालय के पीछे, चूरू | वार्ड नं. 30 जिला पुस्तकालय के सामने, चूरू | 417.62 वर्गमीटर | भूखण्ड गुलाबचंद आदि शर्मा वर्तमान रामगोपाल शर्मा | भूखण्ड श्री रंगलाल श्रीकृष्ण चौधरी | आम रास्ता 60 फीट चौडा | भूखण्ड श्रीमती सावित्री देवी सोनी वर्तमान माणकचंद शर्मा | वाणिज्यिक | आवासीय से वाणिज्यिक प्रयोजनार्थ भू-उपयोग परिवर्तन |

(अभिलाषा सिंह) आयुक्त, नगरपरिषद चूरू